aglasem.com

FOR UP CLASS 10 PREPARATION

UP Board Class 10th Model Paper 2027 Social Science

EXAM	YEAR	TYPE	SUBJECT
UP Class 10	2027	Sample Paper	Social Science

विषय कोड–932 सत्र – 2026–27 संकेतांक–825

प्रतिदर्श प्रश्न–पत्र

कक्षा–10

विषय–सामाजिक विज्ञान (केवल प्रश्न–पत्र)

समय : 3 घण्टे 15 मिनट पूर्णांक – 70

सामान्य निर्देश –

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न–पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।
3. यह प्रश्न पत्र दो खण्डों 'अ' एवं 'ब' में विभाजित है। खण्ड 'अ' में 20 अंक के बहुविकल्पीय प्रश्न हैं जिनका उत्तर ओ0एम0आर0 शीट पर दिया जाना है।
4. ओ0एम0आर0 शीट पर उत्तर अंकित किये जाने के पश्चात् उसे काटे नहीं तथा इरेजर (Eraser) एवं व्हाइटनर (Whitener) आदि का प्रयोग न करें।
5. खण्ड 'ब' 50 अंकों का है। इसमें वर्णनात्मक–1, वर्णनात्मक–2 एवं मानचित्र सम्बन्धी दो प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित है।
6. दिये गये मानचित्र को उत्तर पुस्तिका में मजबूती के साथ संलग्न करना आवश्यक है।
7. दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र कार्य के स्थान पर अलग से प्रश्न लिखने के लिए दिये गये है।

खण्ड 'अ'

बहुविकल्पीय प्रश्न

निर्देश : नीचे दिये गए प्रश्नों के प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प दिए गए हैं। सही विकल्प चुनकर उसे OMR उत्तर पत्रक पर चिह्नित करें :

1. 1912 ई0 में जे0एन0 टाटा ने भारत का पहला लौह एवं इस्पात संयत्र कहाँ स्थापित किया? 1

(A) बम्बई (B) मद्रास (C) जमशेदपुर (D) अहमदाबाद

2. उन्नीसवीं सदी में भारत में मशीनों का विरोध क्यों हुआ? 1

(A) मशीनें ब्रिटेन से आती थी।
(B) मशीनों के प्रयोग से लोगों के रोजगार के अवसर कम हो रहे थे।
(C) मशीनों से उत्पादन कम हो रहा था।
(D) मशीनें बहुत महंगी थीं।

3. यदि किसी समाज में सस्ती किताबें और समाचार–पत्र ज्यादा संख्या में प्रकाशित हों तो समाज पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा? 1

(A) शिक्षा पूर्णतः समाप्त हो जायेगी।
(B) केवल अमीर वर्ग ही पढ़ने में सक्षम होगा।
(C) लोगों के दृष्टिकोण में कोई परिवर्तन नहीं होगा।
(D) समाज में जागरूकता और ज्ञान का प्रसार होगा।

4. फ्रांसीसी क्रान्ति से विश्व समुदाय को क्या प्राप्त हुआ? 1

(A) स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व का विचार।
(B) तानाशाही को बढ़ावा देने का विचार।
(C) निरंकुश राजतंत्र की ओर वापसी का विचार।
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं।

5. गाँधी जी के अनुसार 'सत्याग्रह' के विचार में सम्मिलित **नहीं** है– 1

(A)निष्क्रिय प्रतिरोध
(B) सत्य की शक्ति पर आग्रह
(C) शुद्ध आत्मबल
(D) अहिंसा के सहारे संघर्ष

6. लोकतान्त्रिक व्यवस्था में सरकार का अंग है– 1

(A) विधायिका
(B) कार्यपालिका
(C) न्यायपालिका
(D) उपरोक्त सभी।

7. सत्ता की साझेदारी के विषय में दिये गए निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए एवं नीचे दिये गये विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिये। 1

कथनः (a) सत्ता की साझेदारी लोकतंत्र के लिए लाभदायक है।
(b) इससे सामाजिक समूहों में टकराव का अंदेशा कम रहता है।

विकल्प
(A) (a) सही है किन्तु (b) गलत है।
(B) (a) और (b) दोनों सही है।
(C) (a) और (b) दोनों गलत है।
(D) (a) गलत है किन्तु (b) सही है।

8. जब हम लैंगिक विभाजन की बात करते हैं तो हमारा अभिप्राय होता है– 1

(A) स्त्री और पुरूष के मध्य जैविक अंतर
(B) लोकतान्त्रिक व्यवस्था में मतदान का अधिकार न मिलना
(C) समाज द्वारा स्त्री और पुरूष को दी गयी असमान भूमिकाएं
(D) बालक और बालिकाओं की संख्या का अनुपात।

9. राजनीतिक दलों के सुधार से सम्बन्धित संविधान संशोधन किस उद्देश्य से किया गया था? 1

(A) दल–बदल रोकने के लिए
(B) आपराधिक पृष्ठभूमि वाले व्यक्तियों के चुनाव लड़ने पर प्रतिबन्ध लगाने हेतु
(C) चुनाव का खर्च सरकार द्वारा उठाये जाने के लिए
(D) दलों के संगठित चुनाव कराने के लिए।

10. देश 'A' में नियमित चुनाव होते हैं, लेकिन सरकार कुछ अमीर लोगों के हित में नीतियाँ बनाती और आम जनता की शिकायतों पर ध्यान नहीं देती है। निम्नलिखित में से कौन–सा कथन इस स्थिति के आधार पर सही है? 1

(A) देश 'A' एक आदर्श लोकतंत्र है।
(B) देश 'A' में लोकतन्त्र है क्योंकि चुनाव हो रहे हैं।
(C) देश 'A' में लोकतन्त्र के परिणाम सही नहीं है।
(D) देश 'A' में कोई सरकार नहीं है।

11. निम्नलिखित में से कौन परंपरागत ऊर्जा का स्रोत **नहीं** है? 1

(A) पवन ऊर्जा
(B) कोयला
(C) पेट्रोलियम
(D) प्राकृतिक गैस

12. चिपको आन्दोलन सम्बन्धित है– 1

(A) मृदा संरक्षण
(B) खनिज संरक्षण
(C) वन संरक्षण
(D) जल संरक्षण

13. भू–निम्नीकरण का कारण **नहीं** है– 1

(A) वनोन्मूलन
(B) अतिपशुचारण
(C) खनन
(D) वृक्षारोपण

14. निम्नलिखित में से कौन–सा उद्योग बॉक्साइट का कच्चे माल के रूप में प्रयोग करता है? 1

(A) एल्यूमिनियम प्रगलन
(B) कागज
(C) सीमेंट
(D) स्टील

15. इनमें से कौन भूमध्यरेखीय क्षेत्र की फसल है? 1

(A) चाय
(B) रबड़
(C) गेहूँ
(D) उपरोक्त सभी

16. वैश्वीकरण का परिणाम है– 1

(A) उत्पादकों के बीच कम प्रतिस्पर्धा
(B) उत्पादकों के बीच अधिक प्रतिस्पर्धा
(C) उत्पादकों के बीच प्रतिस्पर्धा में कोई अन्तर नहीं
(D) इनमें से कोई नहीं।

17. सामान्यतः लोग अच्छी आय के अतिरिक्त अन्य किन लक्ष्यों को जीवन में प्राथमिकता देते हैं? 1

(A) स्वतंत्रता
(B) समान व्यवहार
(C) दूसरों से आदर मिलने की इच्छा
(D) उपरोक्त सभी।

18. किसी देश के विकास के मापन का आधार **नहीं** है– 1

(A) प्रतिव्यक्ति आय
(B) औसत साक्षरता दर
(C) जनसंख्या की सघनता
(D) लोगों के स्वास्थ्य की स्थिति

19. इनमें से कौन–कौन प्राथमिक क्षेत्रक की गतिविधियाँ है? 1

(a) डेयरी (b) बैंकिग (c) पशुपालन (d) विनिर्माण
विकल्प
(A) (b) और (c)
(B) (a) और (c)
(C) (c) और (d)
(D) केवल (a)

20. मान लीजिए आप एक दंत मंजन खरीदना चाहते हैं और दुकानदार कहता है कि वह दंतमंजन तभी बेचेगा जब आप इसके साथ एक ब्रश भी खरीदेंगे। यदि आप ब्रश खरीदने के इच्छुक नहीं हैं तो ऐसे में आपके किस उपभोक्ता अधिकार का उल्लंघन होगा? 1

(A) चयन का अधिकार
(B) सूचना पाने का अधिकार
(C) क्षतिपूर्ति निवारण का अधिकार
(D) इनमें से कोई नहीं।

खण्ड–ब
वर्णनात्मक– I

(निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक लगभग 80 शब्दों में दीजिए।)

1. औद्योगीकरण का भूमंडलीकरण पर पड़ने वाले चार प्रभावों का उल्लेख कीजिए। 1+1+1+1

अथवा

मुद्रण से क्या अभिप्राय है? ''मुद्रण ने समाज में क्रान्तिकारी परिवर्तन किए हैं'', विश्लेषण कीजिए। 2+2

2. धनबल और बाहुबल की राजनीति ने भारतीय लोकतंत्र को किस प्रकार प्रभावित किया है? विश्लेषण कीजिए। 4

अथवा

भारत में क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के उदय ने क्षेत्रीय हितों को प्रमुखता प्रदान की है। विश्लेषण कीजिए। 4

3. पर्यावरण निम्नीकरण के लिए उत्तरदायी चार कारकों का उल्लेख कीजिए। 1+1+1+1

अथवा

ऊर्जा संसाधनों का संरक्षण आवश्यक है। क्यों? 4

4. वैश्वीकरण का प्रभाव एक समान नहीं है। उदाहरण सहित विवेचना कीजिए। 4

अथवा

बाजार में उपभोक्ता का शोषण क्यों और कैसे होता है? स्पष्ट कीजिए। 2+2

वर्णनात्मक– ।।

(निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक लगभग 150 शब्दों में दीजिए।)

1. गाँधी जी द्वारा असहयोग आन्दोलन प्रारम्भ करने का क्या कारण था? विभिन्न सामाजिक समूहों ने असहयोग के विचार को किस प्रकार समझा? 2+4

अथवा

नमक आंदोलन क्या था? इसने किस प्रकार भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन को प्रभावित किया? 2+4

2. सत्ता की साझेदारी से क्या अभिप्राय है?लोकतंत्र में सत्ता की साझेदारी क्यों आवश्यक है? 2+4

अथवा

संघवाद से क्या तात्पर्य है? लोकतंत्र के लिए संघात्मक शासन क्यों जरूरी है? स्पष्ट कीजिए। 2+4

3. मृदा क्या है? भारत में पायी जाने वाली विभिन्न मृदाओं की विशेषताओं एवं विस्तार क्षेत्रों का उल्लेख कीजिए। 2+4

अथवा

वन संरक्षण क्यों आवश्यक है? वन संरक्षण में समुदायों की भूमिका का वर्णन कीजिए। 2+4

4. असंगठित क्षेत्रक से क्या अभिप्राय है? वे कौन से कारण हैं जिनसे असंगठित क्षेत्रक के श्रमिकों का शोषण होता है? 2+4

अथवा

ऋण के अनौपचारिक स्त्रोत कौन–कौन से हैं? ग्रामीण क्षेत्रों में अनौपचारिक स्त्रोतों से क्यों अधिक ऋण लिया जाता है? 2+4

(मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न)

निर्देश : प्रश्न संख्या 9(A) तथा 9(B) मानचित्र से संबंधित हैं।

9(A) निम्नलिखित स्थानों को भारत के रेखा–मानचित्रों में (•) चिह्न द्वारा नाम सहित दर्शाइये। सही नाम व सही अंकन हेतु ½+ ½ अंक निर्धारित है।

(क) वह स्थान जहाँ सविनय अवज्ञा आन्दोलन प्रारम्भ हुआ। ½+½
(ख) वह स्थान जहाँ जलियाँवाला बाग कांड हुआ। ½+½
(ग) वह स्थान जहाँ नील की खेती करने वाले किसानों ने आन्दोलन किया। ½+½
(घ) वह स्थान जहाँ असहयोग आन्दोलन प्रारम्भ हुआ। ½+½
(ड़) वह स्थान जहाँ दिसम्बर, 1920 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ। ½+½

(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिये मानचित्र कार्य के विकल्प के रूप में)

निर्देश :– निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए।

i) सविनय अवज्ञा आन्दोलन कहाँ से प्रारम्भ हुआ? 1

ii) जलियाँवाला बाग काण्ड कहाँ हुआ ? 1

iii) नील की खेती करने वाले किसानों ने कहाँ से आंदोलन प्रारम्भ किया? 1

iv) असहयोग आन्दोलन कहाँ से प्रारम्भ हुआ? 1

v) दिसम्बर, 1920 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन कहाँ हुआ? 1

9(B) निम्नलिखित स्थानों को भारत के रेखा–मानचित्रों में चिह्न द्वारा नाम सहित दर्शाइये। सही नाम व सही अंकन हेतु ½+ ½ अंक निर्धारित है।

निर्देश : दिये गये भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइये–

(i) असम का एक राष्ट्रीय पार्क ▭ चिह्न द्वारा नाम सहित दर्शाइए। ½+½

(ii) भारत के पश्चिमी तट पर स्थित एक पत्तन △ चिह्न द्वारा नाम सहित दर्शाइए। ½+½

(iii) उत्तरी भारत में स्थित एक परमाणु ऊर्जा केन्द्र ⚛ चिह्न द्वारा नाम सहित दर्शाइए। ½+½

(iv) दक्षिणी भारत की एक नदी ≈≈≈ चिह्न द्वारा नाम सहित दर्शाइए। ½+½

(v) उत्तर भारत में स्थित चावल उत्पादक एक क्षेत्र ▨ चिह्न द्वारा नाम सहित दर्शाइए। ½+½

(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिये मानचित्र कार्य के विकल्प के रूप में)

निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए।

(i) असम के एक राष्ट्रीय पार्क का नाम लिखिए। 1

(ii) भारत के पश्चिमी तट पर स्थित एक पत्तन का नाम लिखिए। 1

(iii) उत्तरी भारत में स्थित एक परमाणु ऊर्जा केन्द्र का नाम लिखिए। 1

(iv) दक्षिणी भारत की एक नदी का नाम लिखिए। 1

(v) उत्तर भारत में स्थित चावल उत्पादक एक क्षेत्र का नाम लिखिए। 1